राजस्थान सरकार

सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग

राजस्थान_सर्तक_है

क्रमांकः एफ5(1192)/सूप्रौ/स्आर्टअप/19/ML-352 दिनांकः 24.4.2020.

समस्त जिला कलक्टर,

राजस्थान।

विषयः— e-Bazaar COVID-19 mobile app का व्यापक उपयोग करवाने बाबत्।

राज्य में कोविड–19 महामारी और लॉकडाउन के मद्देनजर, हाल ही में सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान, जयपुर द्वारा नागरिकों और उनके आस पास के किराना/थोक विक्रेताओं को आवश्यक किराने की वस्तुओं की खरीद एवं वितरण से जोड़ने के लिये ई–बाजार COVID-19 मोबाईल एप विकसित की गई है। जो कि इस URL: http://covid.ebazaar.rajasthan.gov.in/apk/covid.apk पर उपलब्ध है तथा शिघ्र ही प्ले स्टोर पर भी उपलब्ध हो जाएगा। इस एप के माध्यम से नागरिक अपने मोबाईल नम्बर तथा विक्रेता एवं थोक व्यापारी अपनी SSO ID के माध्यम से पंजिकरण कर सकते है। SSO ID बनवाने की विस्तृत प्रकिया URL: http://bioscope.rajasthan.gov.in/EventDetails?id=785 पर उपलब्ध है।

नागरिक अपने स्थान के लगभग 1.5 किमी के भीतर के पंजीकृत किराना विक्रेताओं को देख सकते है। नागरिक इस एप के माध्यम से नगद भुगतान माध्यम के साथ ऑनलाइन ऑर्डर दे सकते है। नागरिक इस एप से विक्रेताओं के मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क कर सकते है एवं स्वयं जाकर भी सामान ला सकते है। किराना विक्रेता एप में प्राप्त आर्डर के अनुसार सम्बंधित ग्राहक को सामान की होम डिलीवरी सक्षमतानुसार कर सकते है।

किराना विक्रेता ebazaar_dealshare एप जो कि इस URL: https://ebazaarkirana.dealshare.in/apk/ebazaar _dealshare.apk उपलब्ध है, इसके द्वारा उनके स्थान पर आपूर्ति देने वाले सत्यापित आपूर्तिकर्ताओं एवं थोक विक्रेताओं को ऑनलाइन आर्डर देने तथा अन्य स्थानीय सप्लायर एवं थोक विक्रेताओं से सीधे वार्ता एवं सम्नवय कर क्रय आदेश दे सकते है।

उक्त कार्य के संपादन हेतु M/s Dealshare (Startup) के साथ करार किया गया है। भविष्य में, अन्य स्टार्टअपस् एवं स्थापित ई–कॉमर्स संस्थाएं जो आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति मे सहयोग करना चाहते है उनके साथ भी सहभागिता की जायेगी।

राज्य सरकार के सभी अधिकृत उपभोक्ता भंडार भी इस एप से जुड़े हुए है। वर्तमान में किराना स्टोर पर आवश्यक वस्तुओं की निरंतर उपलब्धता के लिए मैसर्स डीलशेयर (स्टार्टअप) को थोक विक्रेता की तरह इस एप से जोड़ा गया है। अतः आपसे अपेक्षा की जाती है आपके जिले में कार्यरत अन्य आपूर्तिकर्ता अथवा थोक विक्रेताओं इस एप से जुड़ने के लिये प्रोत्साहित करे। आज दिनांक तक 6794 बार एप डाउनलोड किया गया है एवं कुल 708 विक्रेताओं एवं 2323 खरीददारों के रजिस्ट्रेशन हुए है।

अतः e-Bazaar COVID-19 mobile app की महत्ता को मद्देनजर रखते हुए इस एप का व्यापक उपयोग सुनिश्चित करवायें ताकि कोविड–19 महामारी और लॉकडाउन का पालन प्रभावी तरीके से किया जा सके।

(अभय कुमार)

प्रमुख शासन सचिव

Scanned by CamScanner

DoIT
सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग

राजस्थान सरकार
सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग
राजस्थान_सर्तक_है

क्रमांकः एफ5(1192)/सूप्रौ/स्आर्टअप/19 दिनांकः

प्रतिलिपिः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, माननीय मुख्यमंत्री महोदय, राजस्थान।
2. निजी सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान।
3. अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान, जयपुर।
5. शासन सचिव, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, राजस्थान, जयपुर।
6. निजी सचिव, आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान, जयपुर।
7. समस्त जिला स्तर अधिकारी, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान, जयपुर।
8. रक्षित पत्रावली।

(विरेन्द्र सिंह)
आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव

Scanned by CamScanner